कार्यालय जिला कलक्टर, बून्दी (राजस्थान)

(आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा)

क्रमांक :– सहा0 / 2025 / 378 दिनांकः– 09/04/2025

प्रेषिति :–

श्रीमान् संयुक्त शासन सचिव महोदय
आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग
जयपुर राजस्थान

विषय :–बजट आवंटन कराने बाबत्।

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत सादर निवेदन है कि मानसून वर्ष 2024 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त विद्यालय / पंचायत / सामुदायिक / आंगनबाड़ी / स्वास्थ्य केन्द्र आदि के तात्कालिक अस्थाई मरम्मत हेतु इस जिले द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के आधार पर आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति क्रमांक राजकाज नं. **10640796 दिनांक 21.09.2024** तथा **11151117 दिनांक 15.10.2024** के माध्यम से क्रमशः 117 कार्यो हेतु 234.00 लाख रूपये एवं 676 कार्यो हेतु 1267.49 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसके क्रम में इस कार्यालय के माध्यम से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां जारी करते हुए विभिन्न कार्यकारी एजेन्सीयों के माध्यम से मरम्मत कार्य करवाये गये थे। मरम्मत कार्य पूर्ण करवाये जाने उपरान्त कार्यकारी एजेन्सी के माध्यम से बिल इस कार्यालय हो प्राप्त हुए है। प्राप्त हुए बिलों में से कुछ बिलों का निम्नांकित कारणों से भुगतान नहीं हो सका हैः–

1. बिल भुगतान हेतु प्रेषित किए जाने उपरान्त कोष कार्यालय से पास होने पर भी **ECS** नहीं हुए है।
2. पै–मैनेजर की गति धीमी होने से कुछ बिलों को कोष कार्यालय नहीं भिजवाया जा सका है।
3. सम्बन्धित कार्यकारी एजेन्सीयों द्वारा समय पर बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण अनुमोदन नहीं हो सका है।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि बजट हैड **2245–02–107–(02)–[01]–21** में राशि **136069000 / – रूपये (1360.69 लाख रूपये)** का शीघ्र अतिशीघ्र आवंटित करवाने का श्रम करावें।

(सुदर्शन सिंह तोमर)
प्रभारी अधिकारी (सहायता),
एवं अति. जिला कलक्टर, बून्दी

Document certified by SUDARSHAN SINGH TOMAR <admceiling2@gmail.com>

Digitally Signed by Sudarshan Singh Tomar
Designation : Additional Collector And Additional District Magistrate
Date :09-04-2025 12:56:55

Kaj Ref No.: 14676271

Scanned with OKEN Scanner